कलेक्टर ने बिजली विभाग के एक्सईएनों को थमाई चार्जशीट

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मंगलवार को राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 और 2025-26 को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में ग्रामीण सेवा शिविर की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी की गई।

समीक्षा के दौरान ग्रामीण सेवा शिविर में बिजली विभाग के द्वारा

■ **बिजली के ढीले तारों को ठीक करने की गति प्रदेश की तुलना में आधे से भी कम पाए जाने पर की कार्रवाई**

बिजली के ढीले तारों को ठीक करने की गति प्रदेश की तुलना में आधे से भी कम पाए जाने पर जिला कलेक्टर ने बिजली विभाग के सभी अधिशासी अभियंताओं को चार्जशीट देने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिले की एलपीजी आईडी सीडिंग प्रतिशत राज्य की तुलना में बेहद कम होने पर डीएसओ को नोटिस देने के निर्देश दिए। बीमा योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर लीड बैंक मैनेजर को भी नोटिस देने के निर्देश दिए।

बैठक में एसीएम रणजीत कुमार ने ग्रामीण सेवा शिविर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि ढीले तारों को ठीक करने को लेकर राज्य स्तर पर प्रति शिविर खंभे लगाने की संख्या 4.96 है। जबकि जिले में यह 2.04 है। वहीं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को लेकर बताया कि जिले की एलपीजी आईडी सीडिंग प्रतिशत राज्य की तुलना में नगण्य है। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए सभी अस्पतालों को फायर एनओसी लेने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

पीडब्लयूडी की समीक्षा के दौरान एसई ओ. पी. मंदर ने बताया कि सांखला फाटक रेलवे क्रॉसिंग के समीप आरयूबी निर्माण को लेकर 26 सितम्बर को टेंडर कर दिए हैं। जयपुर मुख्यालय को निविदा स्वीकृति हेतु भिजवा दी गई है। बीकानेर विकास प्राधिकरण को लेकर कमिश्नर अपर्णा गुप्ता ने बताया कि बीडीए बिल्डिंग की डीपीआर तैयार हो रही है। ले आउट तैयार हो गया है। साथ ही बताया कि 50 करोड़ की लागत से कबीर वाटिका को लेकर टेंडर हो गए हैं। 15 अक्टूबर तक वर्क ऑर्डर हो जायेंगे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने पशुपालन, ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, पीएचईडी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, जल संसाधन, यूडीएच समेत विभिन्न विभाग की समीक्षा करते हुए बजट घोषणाओं को क्रियान्विति को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर के अलावा बीडीए आयुक्त अपर्णा गुप्ता, सीईओ जिला परिषद सोहन लाल, एडीएम प्रशासन सुरेश यादव, एडीएम सिटी रमेश देव समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बजट घोषणा को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

बच्ची से पूछकर बनाया मौका नक्शा

श्रीगंगानगर, (कासं)। सहपाठियों की ओर से की गई गंदी हरकत की पीड़ित 6 वर्षीय बच्ची को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। दोपहर में मामले के जांच अधिकारी त्वरित अनुसंधान सेल प्रभारी एएसपी रामेश्वर लाल स्कूल परिसर पहुंचे। पीड़ित बच्ची तथा परिजनों को भी बुलाया गया। बच्ची से पूछ-पूछकर घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया। इसमें पीड़ित बच्ची तथा परिजनों के हस्ताक्षर लिए गए।

इसके अलावा स्कूल के स्टाफ और बच्चों से भी पूछताछ की गई और बयान दर्ज किए गए। अब पीड़ित बालिका के मजिस्ट्रेट बयान दर्ज करवाए जायेंगे। इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। सूत्रों के अनुसार शनिवार दोपहर में हुई घटना की सोमवार शाम को जांच पूरी कर ली गई है। पीड़ित बच्ची की मेडिकल मुआयने की रिपोर्ट भी जांच अधिकारी को मिल चुकी है। कुछ नमूने एफएसएल जांच के लिए भिजवाए गए हैं। एफएसएल रिपोर्ट किशोर न्याय बोर्ड में केस की सुनवाई के दौरान बाद में पेश होगी। इस मामले में जिला शिक्षाधिकारी गिरजेश कांत शर्मा की ओर से जांच को तीन अधिकारियों की कमेटी गठित की गई है।

कमेटी में जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक सतपाल टेलर, एडीईईओ अशोक वधवा और सीबीईओ सुनील भाटिया ने फिर से स्कूल में जाकर मामले को लेकर जांच की। कमेटी ने स्कूल स्टाफ तथा बच्चों के बयान दर्ज किए हैं।

पनीर, दही, घी और बर्फी के सैम्पल लिए

रायसिंहनगर,(कासं)। यहां त्योहारी सीजन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई की। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत विभाग ने पनीर, दही, घी और बर्फी के सैंपल लिए। ये सैंपल जांच के लिए बीकानेर की खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जायेंगे।

यह कार्रवाई राजस्थान के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त के निर्देशानुसार और श्रीगंगानगर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला के निर्देशन में की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुडिया के नेतृत्व में टीम ने रायसिंहनगर क्षेत्र के करीब एक दर्जन खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झूलेलाल लस्सी भंडार से खुला पनीर, दही और घी के सैंपल लिए गए। इसके अतिरिक्त, गुलशन टी स्टॉल से बर्फी का सैम्पल भी लिया गया।

टीम ने व्यापारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए। इनमें मिठाईयों को खुले में न रखने, उन्हें ढककर सुरक्षित तरीके से बेचने, मसाले और खाद्य तेल खुले में न बेचने, गुणवत्तायुक्त कच्ची सामग्री का प्रयोग सुनिश्चित करने, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने और दुकानों में फूड डिसप्ले बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश शामिल थे। रिपोर्ट आने के बाद यदि कोई सैंपल अमानक पाया जाता है तो संबंधित व्यापारियों के विरूद्ध खाद्य कार्रवाई की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुडिया ने बताया कि शहर से लगातार मिलावट की शिकायतें आ रही थी।

सार-समाचार

कपड़े के थैले एवं पौधे बांटे

मदर्स एल. एस. कर्मा फाउंडेशन ने कपड़े से निर्मित थैलों एवं पौधों का वितरण किया।

बीकानेर,(कासं)। मदर्स एल.एस.कर्मा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सुमन चौधरी के नेतृत्व में राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय बीकानेर में कपड़े से निर्मित थैलों एवं पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. सुमन चौधरी ने बताया कि कपड़े से निर्मित थैलों एवं कागज के लिफाफों के उपयोग से प्लास्टिक उत्पादों पर निर्भरता को कम कर पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रत्येक छात्र- छात्राओं को एक पेड़ व एक थैला भेंट किया गया है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ज्योति चौधरी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डूंगर महाविद्यालय ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की वाइस प्रिंसिपल श्रीमती छोटू कुमावत ने प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर जोर देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने वहां उपस्थित सभी स्टाफ मेंबर व छात्र-छात्राओं को फाउंडेशन के बारे में बताया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शानदार काम कर रहे हैं। आपकी संस्था नि.शुल्क बैग तथा पौधे वितरण कर नि:संदेह आज के युग में पर्यावरण को बचाने हेतु सम्पूर्ण मानव जाति को प्रेरित कर समाज को जो योगदान दिया है। संस्था के द्वारा महिलाओं को लगातार रोजगार प्रदान कर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शानदार काम कर रहे हैं। इस अवसर पर चंद्रकला चौधरी व निर्मला चौधरी, सावित्री वह अन्य स्टाफ मेंबर्स मौजूद थे।

महिला सुरक्षा केन्द्र का शुभारंभ

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का शुभारंभ कर निरीक्षण किया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने महिला अधिकारिता एवं जय भीम संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गंगाशहर थाना में प्रारंभ महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का शुभारंभ मंगलवार को किया। विधायक व्यास ने कहा इस केन्द्र के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूर्णत: सशक्त होने तक काउंसलिंग, मार्गदर्शन सहयोग और संरक्षण संबंधी सेवाएं प्रदान की जायेगी। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। जब महिलाएं सशक्त होंगी तो घर परिवार और समाज सशक्त होगा। समाज में संस्कारों की महत्ता बताते हुए उन्होंने बच्चों में अच्छे विचार डालने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाएं सशक्त समाज की नींव है। महिलाओं की स्थिति में सुधार लाए बिना समाज का कल्याण संभव नहीं है। सुमन छाजेड़ ने महर्षि वाल्मीकि जंयती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को समर्पित होकर कार्य कर रही है। महिला अधिकारिता डॉ. अनुराधा सक्सेना ने महिलाओं से जुड़े कानूनों, अधिनियमों एवं विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महिला सुरक्षा सलाह केन्द्र की आवश्यकताएं बताई। उन्होंने महिला अपनी समस्याओं व पीड़ाओं को पुलिस से साझा करने में असमर्थ होती है। लेकिन केन्द्र के माध्यम से वो बुनियादी आवश्यकताओं की जरूरतों को समझ कर, उसे काउसलिंग द्वारा हल करते हुए त्वरित कार्यवाही से घर बसाने की पहल की जाती है। एसएचओ कविता पूनिया ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस एवं महिलाओं के बीच केन्द्र एक कड़ी के रूप में कार्यरत रहेगा। जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान जय भीम संस्थान की कैलाश चांवरिया ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान गंगाशहर थानाधिकारी मोनिका, पीएसएसके, ओएससी स्टॉफ सहित महिला अधिकारिता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

महिला से दुष्कर्म का मामला दर्ज

नोखा, (कासं)। नोखा पुलिस थाना में रात को दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है। रिपोर्ट में महिला ने बताया कि उसकी सास के बीमार होने के कारण पति 1 अक्टूबर से पीबीएम अस्पताल में उनके साथ रहकर उनका इलाज करवाने गए हुए हैं। वह अपने छोटे बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। पांच अक्टूबर की रात वह अपने घर में सो रही थी। इस दौरान फुलाराम उसके घर में घुसा और गलत काम करने की कोशिश करने लगा। उसने जब शोर मचाया तो जेठ और काका दौड़कर आये और फुलाराम को पकड़ लिया। महिला ने रिपोर्ट में बताया कि फुलाराम ने 4 अक्टूबर को उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

18 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे

श्रीगंगानगर, (कासं)। शादियों में फिजूलखर्ची अब और नहीं। इसी नेक मकसद के साथ शहर की धन-धन बाबा बाबा दीपसिंह सेवा समिति हर वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन करवाती है। इसके तहत समिति की ओर से पदमपुर रोड स्थित गुरूद्वारा धन-धन बाबा दीपसिंह शहीद में राजस्थान व पंजाब के जरूरतमंद परिवारों की 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत सुबह बारात के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद लड़का-लड़की के परिवारों की मिलनी करवाई गई। श्री गुरूग्रंथ साहिब की हजूरी व साध संगत की मौजूदगी में राजस्थान व पंजाब के 33 कन्याओं के आनंद कारज करवाए गए। इसके अलावा भाटिया धर्मशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 18 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। वर ने वधू की मांग में सिंदूर भरा।

किसानों की मांग के अनुरूप अच्छे बीज उत्पादन करें : प्रो. गर्ग

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा किसानों की सहभागिता से किए जा रहे बीज उत्पादन की समीक्षा बैठक मंगलवार को एनएसपी सभागार में आयोजित बैठक में रबी 2024-25 के बीज उत्पादन की प्रगति, आगामी सीजन के लक्ष्य, एक्शन प्लान पर विस्तार से चर्चा करते हुए इस संबंध में आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन विश्वविद्यालय की प्राथमिकताओं में हो। किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त बीज उत्पादन किया जाए। बीजों की गुणवत्ता पर भी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक विशेष ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि बीज उत्पादन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं हो। गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन से किसानों का विश्वविद्यालय के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हो सकेगा। साथ ही किसान विश्वविद्यालय के साथ सक्रिय रूप से जुडकर तकनीकी रूप से भी लाभान्वित हो सकेंगे। बैठक में रबी 2024-25 की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश ने कहा कि सीड प्रोडक्शन में गुणवत्ता के साथ मात्रात्मक बढ़ोतरी की भी आवश्यकता है। कृषि विज्ञान केंद्रों पर उत्पादित बीज का उठाव सुनिश्चित हों इसके लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। विश्वविद्यालय वैज्ञानिक उपलब्ध संसाधनों का समुचित प्रयोग करते हुए बीज उत्पादन के लिए काम करें।सभी केवीके तथा एआरएस अपने लक्ष्य हासिल करने में गंभीरता रखें और कमियों को दूर करने की दिशा में विशेष ध्यान दें।

रबी बीज उत्पादन की समीक्षा बैठक को राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू अखिल रंजन गर्ग ने संबोधित किया।

सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने मंगलवार को विश्वकर्मा कॉलोनी गली न. 2 हाईवे से मैन रोड से मदन सुथार के घर से कृष्णा विहार की सीमा तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री द्वारा की गई बजट घोषणा की अनुपालना में इस सड़क के निर्माण पर 24 लाख रूपए व्यय होंगे।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता से किया जाए। साथ ही समय सीमा का भी ध्यान रखें। विधायक ने कहा कि वर्तमान में बरसात का दौर खत्म होने के साथ ही सड़कों से जुड़े कार्यों में और गति लाई जाए। इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बजट में की गई सभी घोषणाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करवाने का प्रयास किया जाए।

हादसे में घायल की मौत पर ट्रोमा सेंटर में हंगामा

बीकानेर,(कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर में एक घायल युवक की मौत को लेकर मृतक के परिजनों ने हंगामा कर दिया। डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इस बात को लेकर डॉक्टरों से धक्का-मुक्की हो गई। स्टाफ की संख्या अधिक होने पर परिजन बाहर आ गए।

सुबह एक बारगी शव लेने से इंकार कर दिया। बाद में समझाने पर मानें। केसरदेसर जाटान निवासी लक्ष्मण पुरी बाइक पर सुरधना गांव खेत जा रहा था। करीब 8.30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर लाया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मृतक के भाई प्रकाश पुरी सहित परिवार के लोग और गांव वाले इकट्ठे हो गए। डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। डॉक्टरों और स्टाफ के साथ हाथापाई की नौबत आ गई।

■ **डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया, इस बात को लेकर डॉक्टरों से धक्का-मुक्की हो गई**

परिजन शव वहीं पर छोड़कर ट्रोमा सेंटर से बाहर आ गए। सुबह गांव के सरपंच रामदयाल कस्वा ट्रोमा सेंटर पहुंचे। डॉक्टरों से बातचीत करने के बाद परिजनों को समझाया। इस दौरान पुलिस भी हॉस्पिटल पहुंच गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। नापासर पुलिस ने प्रकाश पुरी की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अधीक्षक पीबीएम हॉस्पिटल का कहना है कि ट्रोमा सेंटर के स्टाफ ने किसी के साथ मारपीट नहीं की। जांच के दौरान ही घायल की हालत बिगड़ गई थी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में लाठी-भाटा जंग

बीकानेर, (कासं)। कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच मंगलवार शाम को लाठी-भाटा जंग हो गई। यहां आयुष्मान हार्ट केयर अस्पताल के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता रामनिवास कूंकणा और उनके समर्थकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आरोप है कि तभी दूसरी तरफ से पत्थर आने शुरू हो गए। दोनों पक्षों के बीच स्थिति तनावपूर्ण बन गई।

कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह से ही कूंकणा और उसके समर्थक प्रदर्शन कर रहे थे। इस बीच शाम को जब कांग्रेस कार्यकर्ता अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच तनातनी चलती रही। इस बीच पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए लाठीचार्ज कर दिया। आरोप है कि इस दौरान कूंकणा सहित कुछ समर्थकों के चोटें

■ **लाठीचार्ज कर दिया। आरोप है कि इस दौरान कूंकणा सहित कुछ समर्थकों के चोटें आई**

आई। नाराज कांग्रेस समर्थकों में से किसी ने पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इससे कुछ पुलिसकर्मियों के भी चोट आई है।

इसके बाद पुलिस ने कूंकणा के साथ ही महेन्द्र गहलोत, श्रीकृष्ण गोदारा, हरिराम गोदारा को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। करीब एक दर्जन समर्थकों को हिरासत में लिया गया है। इस पत्थर बाजी से कुछ देर पहले पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला भी धरना स्थल पर पहुंचे थे। डॉ. कल्ला ने भाषण दिया।

गेस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन 15 तक

बीकानेर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विद्यालय स्तरीय छात्रावासों में विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को गैस्ट फैकल्टी के रूप में लेने के लिए विद्या संबल योजना के तहत गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों की गेस्ट फैकल्टी से 15 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं।

सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पवार ने बताया कि योजनांतर्गत विभाग द्वारा बीकानेर मुख्यालय पर संचालित 15 राजकीय छात्रावासों सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को अध्ययन में सहायता के लिए प्रत्येक छात्रावास में एक गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति की जायेगी।

पीबीएम के मेडिकल बोर्ड ने डॉक्टर को दी क्लीनचिट

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में प्राइवेट हार्ट केयर सेंटर में रोगी की मौत के मामले में पीबीएम अस्पताल के मेडिकल बोर्ड ने डॉक्टर को क्लीन चिट दे दी है। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता कई दिन से धरने पर हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि परिजन से बात करनी चाहिए थी।

पिछले दिनों 12 सितम्बर को रामेश्वर लाल पुत्र मुखराम की मौत हो गई थी। मौत पर कांग्रेस नेताओं ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था। इसी को मुद्दा बनाकर कांग्रेस नेता रामनिवास कूंकणा आंदोलन कर रहे हैं। आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. एल. स्वामी ने बताया कि उन पर लगे आरोपों को मेडिकल बोर्ड ने

■ **प्राइवेट हार्ट केयर सेंटर में रोगी की मौत के मामले में पीबीएम अस्पताल के मेडिकल बोर्ड ने डॉक्टर को क्लीन चिट दी**

■ **आरोपों को मेडिकल बोर्ड ने खारिज किया, दो पेज की रिपोर्ट में कहा कि रोगी के उपचार में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही नहीं हुई**

प्रथमदृष्टया खारिज कर दिया है। दो पेज की रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि रोगी के उपचार में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही सामने नहीं आई है। वहीं इस मामले में अंतिम निर्णय पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर ही हो सकता है। डॉ. स्वामी का कहना है कि इस मामले में उन पर गंभीर गलत आरोप लगाये गए थे, जिस पर मानहानि का मामला बनता है। उन्होंने दो करोड़ रूपए की मानहानि का दावा करने की जानकारी दी है। उधर कांग्रेस नेता रामनिवास कूंकणा का कहना है कि मेडिकल बोर्ड ने मृतक के परिजनों से किसी तरह की बात ही नहीं की। ऐसे में ये ही फैसला आना तय था। मेडिकल बोर्ड को मृतक के परिजनों से बातचीत करनी चाहिए थी।

खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण कर बीज व उर्वरक के नमूने लिए

बीकानेर, (कासं)। कृषि गुण नियंत्रण रबी अभियान के तहत कृषि विभाग के अधिकारी सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत, उप परियोजना निदेशक आत्मा ममता कुमारी व कृषि अधिकारी कविता गुप्ता ने खाजूवाला क्षेत्र में कृषि आदान विक्रेताओं के यहां निरीक्षण किया व कृषि आदान व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की।

बीज व उर्वरक के नमूने लिए। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से जिले में कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उचित मूल्य पर मिले, यही प्रयास किया जा रहा है। किसानों को खाद के साथ किसी भी प्रकार टैगिंग न किया जाए। इसके विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी गई। कृषि विभागीय टीम में सहायक कृषि अधिकारी खाजूवाला सुभाष चन्द्र व कृषि पर्यवेक्षक उद्यान शिव भगवान साथ रहें। गहलोत ने बताया कि कृषि आदान बीज, उर्वरक व कीटनाशी प्रावधानों में उल्लेखित नियमानुसार ही कार्य करते हुए किसानों को कृषि आदानों की गुणवत्तापूर्वक आपूर्ति सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध विभाग नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। कृषि आदान विक्रेता जारी वैध लाइसेंस अनुसार ही कृषि आदानों की बिक्री वैधानिक तरीके से सुनिश्चित करें। विक्रय किए जाने वाले उत्पाद लाइसेंस पी सी में जुड़े होने चाहिए। साथ ही विक्रेता स्तर पर सेल पाइंट्स के अलावा गोदाम का भी इंद्राज होना अनिवार्य है।

कृषि आदान निरीक्षक टीम ने कृषि आदान विक्रेता परिसरों का औचक निरीक्षण कर खाद व उर्वरकों के नमूने लिए।

■ **किसानों को खाद के साथ किसी भी प्रकार टैगिंग नहीं करने की हिदायत व कृषि आदानों की बिक्री वैधानिक तरीके से करने के निर्देश दिए**

रामेश्वर डूडी को श्रद्धांजलि दी

नोखा, (कासं)। नोखा के सेन मंदिर प्रांगण में पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. रामेश्वर डूडी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

महेन्द्र गहलोत ने डूडी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। सेन समाज के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित लोगों ने भी पुष्प चढ़ाकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महेन्द्र गहलोत ने कहा कि वे आज जो कुछ भी हैं, वह रामेश्वर डूडी की प्रेरणा और मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने डूडी को केवल जाट समाज का ही नहीं बल्कि 36 कौम का सच्चा नेता बताया। गहलोत ने बताया कि डूडी ने हमेशा स्वच्छ राजनीति की और किसानों की आवाज बनकर मजबूती से खड़े रहे, जिसके कारण उन्हें 'किसान केसरी' कहा जाता था। उन्होंने कहा कि डूडी की पहचान पूरे राजस्थान में एक जननेता और किसान हितैषी नेता के रूप में स्थापित थी। इस श्रद्धांजलि सभा में शंकर गौड़, गौरीशंकर सोलंकी, तिलोक, मुन्नीलाल गौड़, पार्षद जगदीश मांझू, गोपाल गौड़ मौजूद थे।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/राजकाज रेफरेंस नं. 18097950 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 07-10-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 04 में भूखण्ड संख्या 105 माप 29'गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री रमेश कुमार पुत्र श्री मनीराम निवासी ततारसर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री रमेश कुमार पुत्र श्री मनीराम निवासी ततारसर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 04 में भूखण्ड संख्या का 105 माप 29'गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 18097950 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com,
Office Address:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **आपत्ति सूचना** दिनांक :-01.10.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में व्यावसायिक भूखण्ड वाके चक 4-ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 25 में भूखण्ड जी-43 माप 15'-0'' गुणा 35'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती जसविन्द्र कौर पत्नी श्री प्रकाश चौधरी निवासी मकान नं. 128, गली नं. 10, सुरजीत सिंह कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पट्टा सं. 2343 दिनांक 22.10.2013 द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/ पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पट्टे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय मे पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पट्टे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पट्टा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पट्टा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पट्टे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्रीमती जसविन्द्र कौर पत्नी श्री प्रकाश चौधरी निवासी मकान नं. 128, गली नं. 10, सुरजीत सिंह कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पट्टे के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 25 में भूखण्ड जी-43 माप 15'-0'' गुणा 35'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.:17926024 -सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर